दिलीप कुमार, भा.प्र.से.
महानिदेशक
Dilip Kumar, IAS
Director General

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
DIRECTORATE GENERAL OF TRAINING

# संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर प्रशिक्षण महानिदेशालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को संघ की राजभाषा के तौर पर सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। तदनुसार, इस ऐतिहासिक घटना की याद में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन **हिन्दी दिवस** के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी हमारी राजभाषा होने के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक एकता और संवाद का सशक्त माध्यम भी है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में राजभाषा कार्यान्वयन को गति देने के लिए प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह के दौरान हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/माह का आयोजन किया जाता है। इन पहलों का उद्देश्य हिन्दी में कार्य करने की सहजता को बढ़ाना, झिझक दूर करना तथा सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को अधिक प्रभावी बनाना है।

प्रशिक्षण महानिदेशालय तथा इसके सभी अधीनस्थ कार्यालयों/संस्थानों में हम तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चूंकि, भाषा का वास्तविक विकास उसके निरंतर और सहज प्रयोग से होता है, अतः इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रशिक्षण महानिदेशालय के अधीन केन्द्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (CSTARI) द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राजभाषा मोड्यूल को एक अनिवार्य कार्यक्रम के तौर पर शामिल किए जाने हेतु सैद्धांतिक निर्णय लिया गया है। उम्मीद है इससे प्रशिक्षण पाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवाकाल के प्रारम्भ से ही भारत सरकार की राजभाषा नीति से परिचित करवाने में मदद मिलेगी।

आइए, हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लें तथा इसे सरल, प्रभावी और व्यावहारिक बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

आप सभी को पुनः हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिन्द,

दिलीप कुमार

(दिलीप कुमार)

कौशल भवन, (नियर लीला पैलेस होटल), चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110023
Kaushal Bhawan, (Near Leela Palace Hotel), Chanakyapuri, New Delhi - 110023
Tel.: 011-24671101, 24671102, Email.: dirgen-msde@gov.in
www.dgt.gov.in

कौशलं बलम्
Directorate General of Training